# चम चम चमके द्वार | By Rajkumar Raj |

चम चम चमके द्वार
ओ मैया तेरा चमक रहा
दम दम दमके हार
ओ मैया तेरा दमक रहा

दर तेरे की शान निराली
झूमे पत्ता झूमे डाली
गले फूलों का हार
मैया तेरा महक रहा
चम चम चमके द्वार
ओ मैया तेरा चमक रहा

जो भी तेरे दर आ जाता
भव सागर से वो तर जाता
तन पे सोलह शृंगार
मैया तेरा चमक रहा
चम चम चमके द्वार
ओ मैया तेरा चमक रहा

राज को माँ अपना बना ले
भर दे झोली गले लगा ले
सर पे मुकुट तुम्हार
मैया तेरा चमक रहा
चम चम चमके द्वार
ओ मैया तेरा चमक रहा

https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a4%9a%e0%a4%ae-%e0%a4%9a%e0%a4%ae-%e0%a4%9a%e0%a4%ae%e0%a4%95%e0%a5%87-%e0%a4%a6%e0%a5%8d%e0%a4%b5%e0%a4%be%e0%a4%b0-by-rajkumar-raj/